मंत्री
श्रम एवं रोज़गार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन
भारत सरकार

सत्यमेव जयते

MINISTER
LABOUR & EMPLOYMENT
ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE
GOVERNMENT OF INDIA

भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

भूपेन्द्र यादव
BHUPENDER YADAV



संदेश

हिन्दी दिवस के अवसर पर श्रम एवं रोजगार मंत्रालय तथा इसके अधीनस्थ / संबद्ध/स्वायत्त कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

संविधान सभा ने 14 सितम्बर, 1949 को भारत संघ की राजभाषा के रूप में हिंदी को अपनाया था। उसी समय से हर वर्ष 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज का दिन हमें राजभाषा हिन्दी के प्रति अपने संवैधानिक एवं नैतिक दायित्वों का स्मरण दिलाता है।

हिंदी एकमात्र ऐसी भाषा है जो विभिन्न सांस्कृतिक विविधताओं के बावजूद सम्पूर्ण राष्ट्र को एकसूत्र में जोड़कर रख सकती है। यह विभिन्न भारतीय भाषाओं के बीच एक सेतु का काम करती है और पूरे देश की सम्पर्क भाषा है।

इस वर्ष भी श्रम और रोजगार मंत्रालय तथा इसके नियंत्रणाधीन कार्यालयों में हिंदी पखवाड़े का आयोजन उत्साहपूर्वक किया जा रहा है। इस अवसर पर मैं मंत्रालय तथा अन्य कार्यालयों में कार्यरत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील करता हूं कि अपना अधिक से अधिक सरकारी काम हिंदी में करें और गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्यों की पूर्ण प्राप्ति सुनिश्चित करने का प्रयास करें।

जय हिन्द ।

(भूपेन्द्र यादव)

120, श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली - 110001 दूरभाष : +91-11-23717515, 23710240 फैक्स : +91-11- 23711708
120, Shram Shakti Bhawan, New Delhi-110001 Phone : +91-11-23717515, 23710240 Fax : +91-11- 23711708
ई–मेल/E-mail : minoffice-mole@nic.in